# O.P. Jindal School, Patratu
## MODEL QUESTION PAPER

Class – VI | Time: 3 Hrs.
Sub. – HINDI | F.M : 80

**खंड -क**

- **इस प्रश्न-पत्र में चार खंड है -क,ख,ग,घ**
- **चारों खण्डों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है 1**
- **यथासंभव उत्तर क्रमशः दीजिए 1**

**1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए -** 1x5=5

जब से मुझे याद है. मैं देख रहा हूँ, यह नीम का पेड़ इसी तरह खड़ा है। मोटा तथा खुरदरा तना, दो मोटी जड़ें ज़मीन से ऊपर उठकर नीचे गहरी चली गई हैं। ये जड़ें हम सबकी कुरसियाँ हैं। हम चारों इन पर बैठकर गप्पें लड़ाते हैं। पेड़ दादा कभी-कभी हमारी भोली बातों पर हँसकर मीठी पकी निबौरियाँ हमें देते हैं। कभी-कभी छोटी-छोटी टहनियों से हमें डाँटते हुए कहते हैं- बैठे रहोगे, पढ़ोगे नहीं? गरमियों में अपनी घनी पत्तियों से हमारे ऊपर ठंडी छाया करते हैं। दूर तक फैली हुई शाखाओं और टहनियों का छाता ताने दिन-रात खड़े रहते हैं। सुबह-सुबह पक्षियों की चहचहाहट से हमें जगाते हैं। जाड़ों में पेड़ दादा जब हमें अपनी छाया से दूर धूप में खेलता देखते हैं, तो दुखी हो जाते हैं कि मेरे प्यारे बच्चे मेरे पास नहीं खेल रहे हैं। वे हवा के साथ अपनी पत्तियाँ हमारे पास भेज देते हैं कि जाओ, मेरे बच्चों के साथ खेलो। कितने अच्छे हैं, पेड़ दादा।

(क) गद्यांश में किसके व्यक्तित्व का वर्णन किया है?
(i) हँसी-मजाक (iii) नीम के पेड़ का
(ii) बच्चों का (iv) दादा जी

(ख) कैसे पता चलता है कि पेड़ दादा प्रसन्न हैं?
(i) टहनियाँ मारते हैं (ii) पकी निबौरी देने से
(iii) पत्तियाँ झड़ने से (iv) उनके हँसने से

(ग) 'कितने अच्छे हैं पेड़ दादा'- इस कथन से बच्चों का पेड़ के प्रति कौन-सा भाव प्रकट होता है?
(i) भोलेपन का (ii) अपनेपन का
(iii) शरारत का (iv) दिखावे का

(घ) नीम के पेड़ को 'दादा' कहा है क्योंकि-
(i) ठंडी छाया देने के कारण (ii) उसके आकार के कारण
(iii) वर्षों पुराना होने के कारण (iv) छाया और निबौरी देने के कारण

(ङ) नीम दादा बच्चों को डाँटते हैं-
(i) खेलने-कूदने पर (ii) शरारत करने पर
(iii) पढ़ाई न करने पर (iv) लड़ने-झगड़ने पर

2. निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए - 1x5=5

वह चिड़िया जो-चोंच मारकर,
दूध-भरे जुंडी के दाने
रूचि से रस से खा लेती है
वह छोटी संतोषी चिड़िया
नीले पंखों वाली मैं हूँ
मुझे अन्न से बहुत प्यार है 1

वह चिड़िया जो
कंठ खोलकर
बूढ़े वन-बाबा की खातिर रस उड़ेलकर गा लेती है
वह छोटी मुँह-बोली चिड़िया
नीले पंखों वाली मैं हूँ
मुझे विजन से बहुत प्यार है

(क) चिड़िया किसके दाने खाती है?
(i) चावल के (ii) जुंडी के
(iii) बाजरे के (iv) सरसों के

(ख) चिड़िया के पंख किस रंग के है ?
(i) पीले (ii) लाल
(iii) नीले (iv) चितकबरे

(ग) चिड़िया का स्वभाव कैसे है?

(i) संतोषी (ii) मतवाली

(iii) नटखट (iv) घमंडी

(घ) चिड़िया का गीत कैसा है ?

(i) बेसुरा (ii) नीरस

(iii) मधुर (iv) उबाने वाला

(ङ) चिड़िया किसके लिए गीत गाती है ?

(i) वन-बाबा (ii) वन-दादा

(iii) वन-माता (iv) वन-चाचा

**खंड-ख**

3. निम्नलिखित कथनों के सामने (√) तथा (×) का चिहन लगाइए - 1x2=2

क) हिंदी दिवस 14 दिसंबर को मनाया जाता है l ---------

ख) संस्कृत भाषा की लिपि देवनागरी है l ------------

4. उचित शब्द छाँटकर रिक्त स्थान में लिखिए - 1x2=2

क) भाषा का मूल रूप ----------- है l (मौखिक /लिखित )

ख) उर्दू भाषा की लिपि ----------है l (देवनागरी /फ़ारसी )

5. अनेक शब्दों के लिए उचित विकल्प चुन कर लिखें 1x4=4

क) जहाँ जाना कठिन हो -

i) दुर्लभ ii) दुर्गम iii) सुगम

ख) मीठा बोलने वाला -

i) कटुभाषी ii) अल्पभाषी iii) मृदुभाषी

ग) जो पुरुष कविता रचता है -

i) कवि ii) कवयित्री iii) लेखक

घ) आकाश में विचरने वाला -

i) नभचर ii) जलचर iii) थलचर

6. निम्नलिखित शब्दों का लिंग-परिवर्तन कीजिए - 1x2=2

क) देवर ---------------- ख) लेखक ---------------

7. दिए गए शब्दों का उनके उचित अर्थों के साथ मिलान कीजिए - 1x4=4

| | |
|---|---|
| क) कर | सूर्य |
| ख) अंक | हाथी |
| ग) नाग | गोद |
| घ) पतंग | किरण |

8. निम्नलिखित अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए - 1x2=2

क) जिसके माता-पिता न हो --------

ख) अत्याचार करने वाला --------------

9. निम्नलिखित शब्दों के तदभव रूप लिखिए - 1x2=2

क) दंत -------------- ख) हस्ती ------------

10. निम्नलिखित शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए - 1x2=2

क) रात ------- --------- ख) आकाश ---------- ----------

11. बहुविकल्पी प्रश्नोंत्तर - 1x10=10

क) लेखिका ने बचपन किस शहर में बिताया ?

i) शिमला ii) मसूरी iii) कोलकाता

ख) चिड़िया ने अंडे कहाँ दिए ?

i) कमरे में ii) छत पर iii) कार्निस के ऊपर

ग) किसके पेट में दर्द हो रहा था ?

i) मोहन के ii) मोहन की माँ की iii) मोहन के पिताजी की

घ) राज्पा किसके घर गया था ?

i) नागराजन के ii) पार्वती के iii) अप्पू के

ङ) राज्प्पा अपना अलबम कहाँ रखता था ?

i) अलमारी में ii) ट्रंक में iii) मेज में

च) मारीच किसका पुत्र था ?

i) ताड़का का ii) तारा का iii) मंदोदरी का

छ) भारत का ननिहाल कहाँ था ?

i) केकयराज ii) अवधपुरी में iii) कौशल में

ज) किस राक्षसी के कारण जंगल में डर बना हुआ था ?

i) ताड़का ii) मारीच iii) सुबाहु

झ) राजा दशरथ किस महाराज के पुत्र थे ?

i) राजा हर्षवर्धन ii) राजा चंद्रपाल iii) राजा अज

ञ) मंथरा के कहने पर कैकेयी कहाँ चली गयी ?

i) कोपभवन ii) राजभवन iii) रंगभवन

**खंड-ग**

12. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए- **(गद्य खंड)** 2x5=10

क) अलबम चुराते समय राज्प्पा किस मानसिक स्थिति से गुजर रहा था ?

ख) माँ मोहन के 'ऐसे-ऐसे' कहने पर क्यों घबरा रही थी ?

ग) केशव और श्यामा ने अण्डों के बारे में क्या-क्या अनुमान लगाए ? यदि उस जगह आप होते तो क्या अनुमान लगाते और क्या करते ?

घ) राज्प्पा ने नागराजन का टिकट-अलबम अँगीठी में क्यों डाल दिया ?

ङ) लेखिका बचपन में इतवार की सुबह क्या-क्या काम करती थीं ?

13. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए - **(काव्य खंड)** 2x5=10

क) 'सागर ने रास्ता छोड़ा, परबत ने सीस झुकाया'-साहिर ने ऐसा क्यों कहा है ?

ख) चिड़िया को अन्न, नदी से प्यार है-से कवि का क्या तात्पर्य है ?

ग) छोटी लड़की अपने को बुद्धू क्यों नहीं समझती ?

घ) गीत में सीने और बाँहों को फौलादी क्यों कहा गया है ?

ङ') चाँद से थोड़ी-सी गप्पे' कविता में कवि ने आसमान के विषय में क्या कहा ?

14. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए - **(बाल रामकथा)** 2x5=10

क) पंचवटी में लक्ष्मण ने कैसे कुटिया बनाई ?

ख) कैकयी कोपभवन में क्यों चली गई ?

ग) शिव-धनुष की क्या विशेषता थी ?

घ) राजा दशरथ की क्या इच्छा थी ?

ङ) मारीच क्यों क्रोधित था ?

**खंड-घ**

15. अपने छोटे भाई को समय के सदुपयोग का महत्व बताते हुए पत्र लिखिए - 5

**अथवा**

अपने विद्यालय के प्रधानाचार्य को आर्थिक सहायता के लिए प्रार्थना-पत्र लिखिए -

16. निम्नलिखित विषयों में से किन्हीं एक विषय पर अनुच्छेद लिखिए - 5

बाल-श्रम: एक अपराध **अथवा** मेरे देश की धरती

**********